# क्षिप्रा नदी किनारे हुए 200 से अधिक अवैध निर्माण

- ग्रीन बेल्ट में व्यावसायिक गतिविधियों पर हाईकोर्ट सख्त
- सिंहस्थ से पूर्व होटल, रिसॉर्ट पर गिरेगी गाज
- 15 जून तक मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ-2028 और महाकुंभ की तैयारियों के बीच शिप्रा नदी के पवित्र तट पर हुए अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने कड़ा रुख अपनाया है.**

हाईकोर्ट ने उज्जैन नगर निगम और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से 15 जून 2026 तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट की सख्ती के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है.



**पक्के निर्माण पर कोर्ट नाराज** - हाईकोर्ट की नाराजगी के पश्चात अब उन लोगों की चिंता बढ़ गई है जिन्होंने नदी किनारे होटल, रिसॉर्ट, मठ, आश्रम, स्कूल, कॉलोनियां और अन्य पक्के निर्माण खड़े कर दिए हैं. जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के भी स्पष्ट आदेश है कि ग्रीन बेल्ट में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन न हो.

**सीवरेज भी बड़ी समस्या** -हाईकोट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने की. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर लगभग 200 मीटर के दायरे में बड़ी संख्या में अवैध निर्माण किए गए हैं. इन निर्माणों से निकलने वाला सीवरेज सीधे नदी में मिल रहा है, जिससे शिप्रा का जल प्रदूषित हो रहा है और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित हो रही है.

**50 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन से पहले चिंता**-सिंहस्थ-2028 को लेकर उज्जैन में व्यापक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. अनुमान है कि आगामी महाकुंभ में देश-विदेश से लगभग 50 करोड़ श्रद्धालु, साधु-संत, अखाड़े और धर्माचार्य उज्जैन पहुंचेंगे. ऐसे में शिप्रा तट की भूमि का संरक्षण, घाटों के आसपास पर्याप्त खुला क्षेत्र और हरित पट्टी को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है. यदि नदी किनारे व्यावसायिक गतिविधियां और अवैध निर्माण जारी रहे तो सिंहस्थ की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है.

**15 जून तक रिपोर्ट तलब**-हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट संकेत दिए कि नदी तट के पास किसी भी प्रकार के व्यावसायिक रिसॉर्ट, होटल या अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने नगर निगम को निर्देशित किया है कि 15 जून तक सभी अतिक्रमणों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाए. तब तक यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित क्षेत्रों में किसी प्रकार की नई व्यावसायिक गतिविधि संचालित न हो.

## जनहित याचिका से खुला मामला

यह मामला स्थानीय निवासी सत्यनारायण सोमानी द्वारा दायर जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट पहुंचा. याचिका में मास्टर प्लान, पर्यावरणीय नियमों और सिंहस्थ के लिए आरक्षित भूमि पर किए गए निर्माणों का मुद्दा उठाया गया है. याचिकाकर्ता पक्ष के अधिवक्ता बलदीप सिंह गांधी ने अदालत को बताया कि नदी तट के आसपास व्यावसायिक निर्माण न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाली शिप्रा नदी की पवित्रता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं.

**श्रद्धालुओं की आस्था और पर्यावरण दोनों पर असर**-शिप्रा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है. संतों और श्रद्धालुओं का मानना है कि नदी के तट पर अनियंत्रित निर्माण और प्रदूषण धार्मिक वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं. साथ ही, सीवरेज और अन्य अपशिष्ट नदी में पहुंचने से पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है.

**प्रतिदिन का ब्योरा**-नगर निगम और प्रशासन को अतिक्रमण हटाने, अवैध निर्माणों पर कार्रवाई तथा रोकी गई व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा. हाईकोर्ट की सख्ती ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिंहस्थ-2028 से पहले शिप्रा तट की पवित्रता, हरित क्षेत्र और संरक्षित भूमि को बचाने के लिए कठोर कदम उठाए जा सकते हैं.

# प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर

## 45 डिग्री पार हुआ कई शहरों में

इंदौर. मध्य प्रदेश में एक बार फिर भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ गया है. बीते दिनों आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब प्रदेश का मौसम पूरी तरह गर्म और शुष्क हो चुका है.

मालवा-निमाड़ क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आ रहा है, जहां कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है. मौसम विभाग ने इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में तीव्र लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के कई शहरों में दिन के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं. इंदौर, उज्जैन और धार में वॉर्म नाइट की चेतावनी दी गई है, . झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, देवास, सीहोर और राजगढ़ समेत कई जिलों में हीट वेव का असर बना रहेगा.खजुराहो प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया. रतलाम में 45.2 और धार में 45 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ. उज्जैन 44.7 डिग्री के साथ बड़े शहरों में सबसे गर्म रहा.

## इंदौर में पारा 43 पर स्थिर, चल रहीं गर्म हवाएं

इंदौर में आज तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा होकर 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम की गर्म हवाओं का जोर है कि देर रात तक भी लपटे महसूस को जा रही है. कल रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है. शहर में पिछले 1 सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 42 से 43 .6 डिग्री तक दर्ज हो चुका है. आज भी पारा 43 दर्ज हुआ, यह बात अलग है कि आज हल्की तपिश कम थी, लेकिन गर्म हवाओं और लू के थपेड़े लगातार जारी थे. कल रात 11 बजे तक भी गर्म लपटे चल रही थी. रात का तापमान सामान्य से 6 ज्यादा बना हुआ है. गर्म हवाओं की रफ्तार 19 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई. शहर में आमजन का दिन में निकलना दुभर हो गया है. बताया जा रहा है कि अगले सप्ताह में थोड़ी राहत मिलने की संभावना है.

# अब कैबिनेट की पूर्व मंजूरी अनिवार्य

## पीपीए और पीएसए के लिए नीति में महत्वपूर्ण बदलाव

- पारदर्शिता और जवाबदेही सुदृढ़ होगी इस निर्णय से
- दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण

नवभारत समाचार

**भोपाल, 14 मई. मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निर्णय लिया है कि नये दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते (पीपीए) और बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही लागू किये जा सकेंगे. यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.**

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने बताया कि बोर्ड ने गहन विचार-विमर्श के बाद वर्तमान ऊर्जा की उपलब्धता और राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की वर्तमान एवं भविष्य की व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है. उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड का यह प्रस्ताव ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के समक्ष रखा जाएगा. उसके बाद मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री की अनुमति प्राप्त करने के लिए भेजा जाएगा.

अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है. ऊर्जा विभाग और राज्य सरकार पहले से मौजूद लगभग 1,795 छोटे, बड़े एवं लघु तथा दीर्घ अवधि के बिजली खरीद समझौतों और 26,012 मेगावाट की क्षमता के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में निर्वाध विद्युत सप्लाई कर रही है. साथ ही मध्यप्रदेश एनर्जी सरप्लस राज्य के रूप में कार्य कर रहा है.

इस नीति में बदलाव का प्रमुख कारण यह है कि दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं हैं, जो वर्षों तक सरकार को प्रभावित करती हैं. इसलिए आवश्यक है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समझौते राज्य के हित में हो और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करें. एक अन्य कारण यह भी है कि वर्तमान में नई तकनीकी के कारण बायोमास, सोलर बेट्री स्टोरेज, पम्प हाउड्रो स्टोरेज, न्यूक्लियर एनर्जी जैसी कई नई तकनीकों से उत्पादित होने वाली ऊर्जा के अनुबंधों के प्रस्ताव आ रहे हैं, इस बारे में राज्य शासन और वित्त विभाग के परामर्श की आवश्यकता महसूस हो रही है.

मध्यप्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र वर्तमान में अत्यंत मजबूत है और इसमें राज्य की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है. सौर, पवन, थर्मल और अन्य नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से राज्य की बिजली की जरूरतें पूरी हो रही हैं. यह निर्णय राज्य की बिजली आपूर्ति को स्थिर रखने और भविष्य के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धा को दर्शाता है. मध्यप्रदेश सरकार का यह कदम राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर शासन को बढ़ावा देगा. इससे सभी नई बिजली खरीद योजनाएं अधिक सुविचारित और राज्य की ऊर्जा नीति के अनुरूप होगी.

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत

**प्रशासनिक अमला मौके पर**-घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के प्रभारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए. संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, उज्जैन आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, और एसपी पुनीत गेहलोत भी मौके पर है. बचाव कार्य लगातार जारी है.

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताया दुःख**-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों के हताहत होने का समाचार हृदय विदारक है. उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश देते हुए मृतकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के निःशुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं.

**नहीं जागा प्रशासन**-ग्रामीणों के अनुसार 14 मार्च को भी इसी फैक्ट्री में रात के समय आग लग चुकी थी. उस दौरान शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. ग्राम कलमा की सरपंच कविता सुरेंद्र सिंह गौड़ ने तहसीलदार और थाना टोंकखुर्द को पत्र लिखकर फैक्ट्री को लेकर शिकायत भी की थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो शायद इतना बड़ा हादसा टल सकता था.

**फैक्ट्री संचालकों पर पुलिस का शिकंजा**-टोंककला फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री के लायसेंसी अनिल मालवीय को भोपाल के बैरागढ़ से हिरासत में लिया गया है. उनसे फैक्ट्री संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और विस्फोट के कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है. वहीं दिनेश मालवीय को पीपलरांवा से गिरफ्तार कर घटनास्थल की ओर लाया जा रहा है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है.

### खड़गे व राहुल ने दिया दूरगामी संदेश

क्योंकि इस रेस में राहुल गांधी के सबसे वफादार और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे थे. राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि वेणुगोपाल आलाकमान की निजी पसंद थे और उनके पक्ष में अपेक्षाकृत अच्छी संख्या में विधायक भी थे. लेकिन राहुल गांधी ने अपने किसी खास नेता को थोपने के बजाय जमीनी स्तर पर विधायकों, कार्यकर्ताओं और जनता की पसंद रहे सतीशन को तरजीह दी.ऐसा करके उन्होंने संदेश दिया कि पार्टी हित उनकी निजी पसंद से ऊपर है. इतना ही नहीं राहुल ने एक झटके में पर्ची और हाईकमान संस्कृति का अंत करते हुए नेता थोपने का चलन समाप्त किया. इस बड़े कदम से राहुल गांधी ने न केवल केरल में बल्कि देश के अन्य राज्यों के नेताओं को भी यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब कांग्रेस में पद गणेश परिक्रमा के बजाय केवल जमीनी संघर्ष और जनसमर्थन के आधार पर मिलेगा. इतना ही नहीं राहुल गांधी ने केरल कांग्रेस में दशकों तक ओमन चांडी और के. करुणाकरण जैसे दिग्गजों के गुटों के बाद बन रहे नए गुटों को समाप्त कर सतीशन की ताजपोशी के साथ पुरानी गुटीय जकड़न को तोड़कर नए युग के नेतृत्व को आगे बढ़ाया है.जानकार बता रहे हैं कि राहुल गांधी ने केरल, कर्नाटक, तेलंगाना? में अपनी मजबूत सरकार के अलावा तमिलनाडु में नवउदित पार्टी के मुखिया सी जोसेफ विजय को समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री बनाने में मदद कर 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए दक्षिण भारत का एक बेहद स्थिर और मजबूत किला तैयार कर भविष्य के लिए एक मजबूत लकीर खींच दी है.गुप्त फीडबैक को महत्ता -बहरहाल, केरल को नए नेतृत्व देने के पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी ने जिस तरह से दो केन्द्रीय पर्यवेक्षकों, नौ पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, सभी नवनिर्वाचित विधायकों तथा सभी जिलाध्यक्षों से गुप्त फीडबैक मंगाकर बहुस्तरीय विमर्श के बाद निर्णय किया है उससे साफ है कि कांग्रेस बहुस्तरीय बदलाव की ओर बढ़ चली है.




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Also available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in 125cc segment as per internal testing applicable for ABS/CBS variant. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply. #Ex-Showroom price of Xtreme 125 IBS variant in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

SAATCHI & SAATCHI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60